बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-229
01/05/2020

मुख्यमंत्री ने लॉकडाउन के कारण दूसरे राज्यों में फँसे लोगों के आवागमन हेतु विशेष ट्रेन चलाने के निर्णय पर केन्द्र सरकार को दिया धन्यवाद

पटना, 01 मई 2020 :– राज्यों की आपसी सहमति और समन्वय से कोटा तथा जयपुर से बिहार के लिये विशेष ट्रेन चलायी जायेंगी। इससे वहाँ फँसे हुये बिहार आने के इच्छुक लोग सुविधापूर्वक बिहार आ सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर लॉकडाउन के कारण दूसरे राज्यों में फँसे लोगों के आवागमन हेतु विशेष ट्रेन चलाने के लिये केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया है।

******